भारत सरकार

जल संसाधन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1549

जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2011 को दिया जाना है ।

.....

बलिया में भू-जल में आर्सेनिक की समस्या

1549. श्रीमती कुसुम राय :
श्री प्रभात झा :

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में भू-जल में आर्सेनिक की समस्या के संबंध में मीडिया रिपोर्ट की जानकारी है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) वहां भू-जल में आर्सेनिक की मात्रा मौजूद होने के कारण अब तक मरे व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं / उठाए जाएंगे ?

उत्तर

जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वींसेंट एच. पाला)

(क) जी, हॉ ।

(ख) टाईम्स ऑफ इंडिया में 31 अक्तूबर, 2011 को 'साइलेंट किलर आर्सेनिक पॉईजन्स लिव्स इन बलिया' नामक शीर्षक वाला एक समाचार लेख प्रकाशित किया गया था, जिस में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से रिपोर्ट किए गए आर्सेनिक विषाक्तीकरण संबंधी मामलों का उल्लेख किया गया है।

(ग) उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा दी गई सूचनानुसार, बलिया जिले में भूमि जल में आर्सेनिक तत्वों के कारण व्यक्तियों की मृत्यु के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(घ) उत्तर प्रदेश जल निगम से प्राप्त सूचनानुसार, दिनांक 31.10.2011 तक आर्सेनिक से प्रभावित 310 निवास-स्थलों में से 186 निवास-स्थलों को अधिक गहरे कुओं से जुड़े हैंडपम्प स्थापित कर तथा संदूषण मुक्त स्तर से जल की निकासी के संबंध में पाईप द्वारा जलापूर्ति स्कीमों के आधार पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है । शेष 124 निवास-स्थलों में, मार्च, 2012 तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है ।

*****